# AI एवं मीडिया का महिलाओं की शिक्षा एवं संस्कृति पर प्रभाव

डॉ. ममता वाजपेयी, प्राध्यापक, समाजशास्त्र, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, म.प्र.
प्रियंका देवी, सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र, PMCOE शा. स्नातकोत्तर महा. टीकमगढ़, म.प्र., priyanvi78@gmail.com

## सारांश

वर्तमान युग एक ऐसा युग है जिसमें AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एवं मीडिया हमारी संस्कृति में क्रांतिकारी बदलाव लेकर आया है। हम कह सकते हैं कि AI एवं मीडिया एक ऐसा सिस्टम है जिसने हमारी कविताओं, किताबों, सांस्कृतिक विरासत एवं सांस्कृतिक संरक्षण को एक नया रूप दिया है जिससे महिलाएं स्वयं को शिक्षित करने, अपने अनुभव को साझा करने, संवाद करने के अद्भुत अवसर के साथ-साथ अपनी संस्कृति को संरक्षित एवं प्रसारित करने में भी सक्षम हो। प्राचीनकाल से चली आ रही हमारी पारंपरिक संस्कृति को एआई एवं मीडिया ने आधुनिकता से जोड़ दिया है। इसलिए जो महिलाएं कहीं ना कहीं AI एवं मीडिया से जुड़ी है वह महिलाएं शिक्षा, ज्ञान एवं अनुभव के माध्यम से हमारी पारंपरिक संस्कृति को एक नया रूप दे रही हैं। साथ ही सामाजिक मुद्दों एवं अपने परिवार का विकास करने में जागरूक हैं ऐसी महिलाएं नई युवा पीढी के लिए आदर्श हैं। हम कह सकते हैं कि AI एवं मीडिया का महिलाओं की शिक्षा एवं संस्कृति पर एक अदभुत प्रभाव देखने को मिल रहा है।